नन्ही परी सीमान्त अभियांत्रिकी संस्थान, पिथौरागढ़

प्रशासकीय परिषद् की परिसंचरण द्वारा सम्पन्न षष्ठम् बैठक का कार्यवृत्त

कोराना वायरस (COVID-19) के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के दृष्टिगत संस्थान की प्रशासकीय परिषद् की षष्ठम् बैठक की कार्यसूची दिनांक 23/03/2020 को परिसंचरण द्वारा (By Circulation) प्रशासकीय परिषद् के मा0 अध्यक्ष, मा0 उपाध्यक्ष एवं समस्त मा0 सदस्यों को प्रेषित कर समस्त मा0 सदस्यों से संस्थान एवं TEQIP-III परियोजना से सम्बन्धित कार्यसूची में उल्लेखित/प्रस्तावित विभिन्न बिन्दुओं पर अपना अभिमत दिनांक 28/03/2020 तक अथवा उससे पूर्व ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

प्रशासकीय परिषद् के निम्न मा0 सदस्यों द्वारा षष्ठम् बैठक की कार्यसूची में उल्लेखित संस्थान एवं TEQIP-III परियोजना से सम्बन्धित समस्त बिन्दुओं पर अपना स्पष्ट अभिमत ई–मेल के माध्यम से दिनांक 28/03/2020 तक उपलब्ध करवाया गया।

1. प्रो0 नरेन्द्र एस0 चौधरी, कुलपति, उ0त0वि0वि0, देहरादून – सदस्य
2. डॉ0 डी0 एस0 पुण्डीर, निदेशक, एम.बी.एस.सी0ई0टी0 जम्मू – सदस्य
3. डॉ0 हरीश पन्त, पूर्व निदेशक, एच.आई.पी.एल. – सदस्य
4. श्री मुहर मणि, अधिषासी निदेशक, टी.एच.डी.सी. इं.लि. ऋषिकेश – सदस्य
5. प्रो0 मनोज दुहान, छो.रा.वि.प्रो. वि.वि. मुरुथल, हरियाणा – सदस्य
6. श्री हरि सिंह, निदेशक, तकनीकी शिक्षा, देहरादून – सदस्य
7. प्रो0 अम्बरीष एस0 विद्यार्थी, निदेशक, न.प.सी.अ.सं., पिथौरागढ़ – सदस्य सचिव

प्रशासकीय परिषद् के मा0 अध्यक्ष महोदय तथा मा0 उपाध्यक्ष महोदय का अभिमत संस्थान को दिनांक 28/03/2020 तक प्राप्त नहीं हो सका।

षष्ठम् बैठक की कार्यसूची में संस्थान एवं TEQIP-III परियोजना से सम्बन्धित उल्लेखित/प्रस्तावित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रशासकीय परिषद् के मा0 सदस्यों द्वारा अपना स्पष्ट अभिमत ईमेल के माध्यम से दिनांक 28/03/2020 तक प्रेषित किया गया, उन्हें संकलित कर षष्ठम् बैठक के कार्यवृत्त बिन्दुवार निम्नवत तैयार कर मा0 अध्यक्ष महोदय तथा मा0 उपाध्यक्ष महोदय को उनकी सहमति हेतु प्रस्तुत किये गये–

6सी.1 प्रशासकीय परिषद की पंचम् बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टिः

प्रशासकीय परिषद् के मा0 सदस्यों द्वारा पंचम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

6सी.2 प्रशासकीय परिषद् की पंचम् बैठक में लिये गये निर्णय का बिन्दुवार कियान्यवनः

परिषद् की पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों के बिन्दुवार कियान्यवन से प्रशासकीय परिषद् के मा0 सदस्य अवगत हुए।

6सी.3 संस्थान के विभिन्न विभागों में प्रयोगशाला सहायकों की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति विषयकः

सम–सेमेस्टर 2019–20 के समस्त शैक्षणिक कियाकलाप सुचारू रूप से आरम्भ कराये जाने के दृष्टिगत संस्थान के विभिन्न विभागों में प्रयोगशाला सहायकों की अनुबंध के आधार पर संस्थान स्तर पर नियुक्ति कराये जाने के प्रकरण पर प्रशासकीय परिषद् द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

6सी.4 उत्तराखण्ड शासन द्वारा संस्थान हेतु सृजित पदों को पुर्नजीवित करने एवं पदों की निरन्तरता बनाये रखने विषयकः

संस्थान में सृजित पदों के सापेक्ष नियमित नियुक्ति की प्रकिया प्रारम्भ करने के दृष्टिगत, पदों को पुर्नजीवित करने एवं पदों की निरन्तरता बढ़ाये जाने हेतु उत्तराखण्ड शासन को अनुरोध सहित प्रस्ताव प्रेषित किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

6सी.5 TEQIP-III द्वारा पोषित विभिन्न गतिविधियों हेतु दो त्रैमासिक (जनवरी–2020 से मार्च–2020 तथा अप्रैल–2020 से जून–2020) कार्य योजनाओं को अनुमोदन प्रदान किये जाने विषयकः

प्रशासकीय परिषद् द्वारा TEQIP-III के अर्न्तगत SPIU, देहरादून को प्रेषित की गयी वर्ष की अंतिम त्रैमासिक कार्ययोजना (जनवरी–2020 से मार्च–2020 तक) हेतु कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी तथा TEQIP–III परियोजना के अर्न्तगत वर्ष की प्रथम प्रस्तावित कार्ययोजना (अप्रैल–2020 से जून–2020 तक) को अनुमोदित किया गया।

6सी.6 संस्थान में TEQIP-III परियोजना के अर्न्तगत वित्त वर्ष 2019–20 के चतुर्थ क्वाटर (जनवरी–2020 से मार्च–2020 तक) पैकजों की कय प्रकिया एवं भुगतान विषयकः

संस्थान में TEQIP-III परियोजना के अर्न्तगत वित्त वर्ष 2019–20 के चतुर्थ क्वाटर (जनवरी–2020 से मार्च–2020 तक) में पैकजों के कय की प्रकिया एवं सम्बन्धित फर्मों/आपूर्ति कर्ताओं को शेष 10 प्रतिशत धनराशि का भुगतान कर पैकजों की कय प्रकिया पूर्ण कर लेने से प्रशासकीय परिषद् अवगत हुई।

6सी.7 संस्थान में अध्ययनरत् बी0टेक0 चतुर्थ वर्ष के छात्र/छात्राओं की GATE परीक्षा–2020 के पंजीकरण के शुल्क का भुगतान वापस किये जाने विषयकः

GATE परीक्षा वर्ष 2020 में जिन छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया था, उनके पंजीकरण शुल्क की वापसी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

6सी.8 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य बिन्दुः

28.03.2020

(प्रो0 अम्बरीष एस0 विद्यार्थी)
निदेशक एवं सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद

(श्री ओम प्रकाश, I.A.S)
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद्

(श्री अनिल गोयल)
अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद्